आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.09.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- विश्व पर्यटन दिवस पर उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपवासियों को बधाई दीं। उन्होंने कहा द्वीप समूह – पर्यटन, पर्यावरण और संस्कृति का अनूठा संगम है।
- उपराज्यपाल ने जी.बी. पंत अस्पताल का निरीक्षण कर, मरीजों की सुविधाओं और चिकित्सा सेवाओं में सुधार के निर्देश दिए।
- विश्व पर्यटन दिवस और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज द्वीपसमूह के विभिन्न समुद्र तटों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम का एक सौ अड़तीसवां एपिसोड होगा। यह कार्यक्रम समूचे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, ए आई आर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज आन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे ए आई आर न्यूज़, डीडी न्यूज़, पी एम ओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

आज विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह द्वीप समूह भारत की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत का एक अनमोल रत्न हैं। ऐतिहासिक सेल्यूलर जेल और हमारे स्वतंत्रता संग्राम के स्मारकों से लेकर स्कूबा डाइविंग, स्नॉर्कलिंग, कायकिंग, द्वीप भ्रमण, पर्यावरण–पर्यटन और प्रकृति पर आधारित विश्व स्तरीय अनुभवों तक, हमारे द्वीप प्रकृति, साहसिक गतिविधियों, इतिहास, संस्कृति और शांति का एक अनूठा संगम प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष के विश्व पर्यटन दिवस का विषय, ''डिजिटल एजेंडा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से पर्यटन का पुनः परिकल्पन'' है, जो अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पर्यटन को बदलने में प्रौद्योगिकी की अपार संभावनाओं को रेखांकित करता है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय पर्यटन क्षेत्र से जुड़े संगठनों और विभागों के सहयोग से आज विश्व पर्यटन दिवस मना रहा है। इस वर्ष का विषय है, 'पर्यटन को नए स्वरूप में ढालने के लिए डिजिटल एजेंडा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता।' इसके तहत विभिन्न द्वीपों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चिड़ियाटापू में पक्षी पर्यटन कार्यशाला तथा उपराज्यपाल की भागीदारी में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया और विभिन्न तटीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आज चयनित संग्रहालयों में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। प्रमुख प्रवेश स्थलों, सेल्यूलर जेल, स्वराज द्वीप और शहीद द्वीप में पर्यटकों का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा। विश्व पर्यटन दिवस का समापन समारोह आज शाम चार बजे कॉर्बिन्स कोव तट पर होगा, जिसमें बीच वॉलीबॉल और रस्साकशी के अंतिम मुकाबले, स्थानीय कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल डॉ दिनेश शर्मा ने जी बी पंत अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं, व्यवस्थाओं तथा प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने नेत्र रोग, अस्थि रोग, शल्य चिकित्सा, मेडिसिन और बाल रोग सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत की। उन्होंने जारवा वार्ड में भर्ती जनजातीय समुदाय के मरीजों से भी मुलाकात की।

डॉक्टरों के साथ अपनी बातचीत के दौरान, उपराज्यपाल ने आवश्यक चिकित्सा सेवाओं को बहाल करने और जल्द से जल्द सभी सेवाओं को पूरी तरह चालू करने के लिए ठोस तथा समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने वेंटिलेटरों को भी तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया। अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के मुद्दे पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने को कहा गया। उपराज्यपाल ने द्वीपों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने और चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अनिम्स में एम बी बी एस और पीजी की सीटें बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने और आगे की कार्रवाई करने पर बल दिया। उन्होंने कैंसर और हृदय रोग सेवाओं को पूर्ण रूप से क्रियाशील और प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश भी दिया।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित 14 विकास कार्यों की समीक्षा कर उन्हें सहमति दी है। इन कार्यों में सड़क निर्माण, नालियों का निर्माण, चेक डैम, सिंचाई तालाब, सामुदायिक भवन, बस स्टॉप और सार्वजनिक शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का विकास शामिल है। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विकास कार्यों के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज द्वीपसमूह के विभिन्न समुद्र तटों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान मरीना पार्क, नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप, कार्बाइन्स कोव, बर्मा नाला, चिड़ियाटापू तट, वंडूर तट, शोल बे–19, नॉर्थ बे कोरल आइलैंड और कॉलिनपुर तट पर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार पर्यटन के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से कार्बाइन्स कोव तट पर आयोजित बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन पुरुष और महिला वर्ग में 18 से अधिक लीग मुकाबले खेले गए। पुरुष वर्ग का फाइनल आज शाम चार बजे एस.वी. ब्रदर्स और सेवा भारत के बीच खेला जाएगा। महिला वर्ग के फाइनल में कल टी जी सी ई–ए ने टू सिस्टर्स को हराया।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में नए विद्यालयों की मान्यता प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने महत्वपूर्ण प्रस्ताव को सहमति दे दी है। इसके तहत नए विद्यालयों की मान्यता अवधि, जिसे पहले तीन वर्ष से घटाकर एक वर्ष किया गया था, अब बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी गई है। इससे नए विद्यालयों को स्थिरता मिलेगी और वे शिक्षा की गुणवत्ता तथा विद्यार्थियों के बेहतर परिणामों पर अधिक ध्यान दे सकेंगे। इसके साथ ही मान्यता के लिए आवश्यक दस्तावेजों की संख्या 19 से घटाकर केवल 5 कर दी गई है। इससे विद्यालय प्रबंधन पर कागजी कार्रवाई और अनुपालन का बोझ कम होगा।

<><><><><><><>

आंध्रा एसोसिएशन, श्री विजयपुरम की आम सभा की बैठक आज सुबह 10 बजे एसोसिएशन परिसर में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा कर उचित निर्णय लिए जाएँगे। एसोसिएशन के महासचिव ने सभी सदस्यों से इस बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में आज, कल और 29 सितंबर को तेज हवाओं के साथ गरज–चमक और वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज रात साढ़े ग्यारह बजे तक समुद्र में ऊंची लहरें उठने का पूर्वानुमान जताया है। प्रशासन ने मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए लोगों और पर्यटकों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।